दैनिक नवज्योति

उदयपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2019

ऐश्वर्या : वेबसाइट डिजाइनिंग व क्विज प्रतियोगिता

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज स्थित सीएसआई स्टूडेंट्स ब्रांच मे गुरुवार को वेबसाइट डिजाइनिंग और टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें बीसीए, एमसीए, पीजीडीसीए आदि विषयों के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों की डिजाइन वेबसाइट्स की अतिथियों ने खूब सराहना की। क्विज में विद्यार्थियों से कंप्यूटर, इंटरनेट, आईटी से संबंधित नवीन तकनीकों से संबंधित सवाल पूछे। विद्यार्थियों ने अधिकांश प्रश्नों के सही जबाव देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक्टिविटी इंचार्ज प्रियंका सिसोदिया ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. कंचन परिहार ने बताया कि क्विज में कल्पेश पोखरना टीम प्रथम, गौरव पांडे टीम द्वितीय, रवीना डांगी टीम तृतीय रही। वेबसाइट डिजाइन में विकास कुमार टांक पहले, पुष्पराज शाही दूसरे, अबिजर उदयपुर तीसरे स्थान पर रहे।